# महिला तांत्रिक को चांदी की चप्पल और चांदी के पर्स का शौक

## युवती को प्रेमी ने किया ब्लैकमेल तो तांत्रिक दोस्त ने पति साथ मिलकर की लाखों में ठगी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रेमी के जाल में फसी युवती ने जब अपनी महिला तांत्रिक से मदद मांगी तो उसने मदद करने की अपेक्षा उसको ही ठगने का मन बना लिया, जिसमें उसका पति ने भरपूर साथ दिया। इस दौरान दोनो ने मिलकर युवती से लाखों की ठगी और अपने महंगो शौक पर खर्च किये। सबसे चौकाने वाली बात तो ये है कि महिला तांत्रिक द्वारा जहां चांदी का पर्स और चांदी की चप्पल बनवाई गई, जिन्हें वह अपने उपयोग में लेती थी, तो वहीं उसने ठगी के पैसो से पूरे ऐसो आराम का सामान खरीदा, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं महिला तांत्रिक द्वारा अपने इन पापों से बचने के लिए देश विदेश के कई मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया गया, जिससे उस कृत्य की सजा न मिले।

दरअसल प्रेम जाल में फंसाकर 1.30 करोड़ की ठगी करने वाले गैंग को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पछूताछ की, जिसमें कई अहम खुलासे हुए, जिनमें ठगी के पैसों से खरीदी गई चल-अचल संपत्ति बरामद की गई, तो वहीं लगभग 70 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी एवं अन्य सामान जप्त किया। इसके अलावा पुलिस द्वारा बैंक ट्रांजेक्शन एवं तकनीकी संसाधनों के माध्यम से आगे की जांच की जा रहीं है कि कहीं यह महिला तांत्रिक सहित पूरा संगठित गिरोह किसी और को नहीं ठग रहे थे।

मामले को लेकर कोतवाली टीआई रवि प्रताप चौहान ने बताया गया कि आरोपी आदित्य सिंह तोमर, आयुषी चौहान, आर्यन सोनी, आकाश चौहान एवं एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती को डरा-धमकाकर अश्लील फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। साथ ही स्वयं को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर पीड़िता से लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की ठगी की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं प्रकरण में आरोपी आदित्य तोमर, आयुषी चौहान, आकाश चौहान एवं आर्यन सोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की गई।





### आरोपियों ने कबूला ठगी के पैसों से खरीदे आभूषण और घरेलू सामानः

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश चाहान एवं उसकी पत्नी तांत्रिक आयुषी चौहान ने स्वीकार किया कि ठगी से प्राप्त राशि से उन्होंने महंगे सोने एवं चांदी के आभूषण खरीदे, जिनमें चप्पल से लेकर चांदी का पर्स शामिल है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। इसके अलावा महिन्द्रा थार वाहन, दो आईफोन, एप्पल नोटबुक, महंगे कॉस्मेटिक सामान, स्कूटी, वॉशिंग मशीन, ड्रेसिंग टेबल, बड़ा फ्रिज, अलमारी, महंगी घड़ियां एवं अन्य घरेलू सामान खरीदा गया था, जिन्हें पुलिस द्वारा जप्त किया गया है।

**मोबाइल फोन एवं लैपटॉप फॉरेंसिक जांच जारी:**

प्रकरण में आरोपियों के मोबाइल फोन एवं लैपटॉप फॉरेंसिक जांच हेतु भेजे जा रहे हैं, जिससे भविष्य में और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों एवं पेमेंट गेटवे की सघन जांच की जा रही है, ताकि मनी ट्रेल को ट्रेस कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा पुलिस द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों द्वारा शहर में अन्य व्यक्तियों को भी ब्लैकमेल अथवा इसी प्रकार की ठगी का शिकार तो नहीं बनाया गया है। जिसकी जांच अब कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रहीं है।



# ट्रैक्टर पर गिरी 11 केव्ही की बिजली लाइन, टला हादसा

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** कस्बे से एक किलोमीटर दूर गोरा मार्ग पर खोपरा गांव में एक ट्रैक्टर पर 11 केवी की बिजली लाइन के दो खंभे गिर गए। जिस समय खंभे गिरे, तब इस आबादी लाइन पर सप्लाई चालू थी, गनीमत रही कि लाइन के तारों ने ट्रैक्टर को नहीं छुआ, अन्यथा जानमाल की हानि हो सकती थी। बिजली कंपनी का दावा है कि टक्कर हुई है, वहीं ट्रैक्टर चालक का कहना है कि खंभे टूटकर गिरे हैं।

बताया गया है कि खोपरा गांव से काली मिट्टी भरकर एक ट्रॉली को खाकलोन निवासी नीतेश नायक अपने मैसी ट्रैक्टर से ले जा रहा था। गोरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी आबादी लाइन के दो खंभे टूटकर ट्रैक्टर पर आ गिरे। जिससे ट्रैक्टर का टफ टेढ़ा हो गया, हालांकि खंभे गिरते ही चालक नीचे उतर गया। जिससे उसकी जान बच गई। राहगीरों ने बिजली कंपनी को इसकी सूचना दी, जिसके बाद सप्लाई बंद कराई गई। जेई बाबूजी मंडेलिया ने बताया कि आज कोई आंधी तूफान नहीं आया, ट्रैक्टर की टक्कर से खंभे गिरे हैं, हमने उससे खंभे लगवाने के लिए कहा है, अगर वह खंभे नहीं लगवाएगा तो पुलिस में शिकायत करेंगे।

## एक नजर में



### पुलिस गिरफ्त में आया फरार आरोपी

**अशोकनगर।** मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को तौफान सिंह पुत्र कप्तान सिंह कटारिया निवासी मिर्जापुर द्वारा थाना बहादुरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी आज्ञाराम कटारिया, राजेन्द्र कटारिया, रंजय कटारिया, महेश कटारिया एवं दयाराम कटारिया द्वारा उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान धारा 109(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव को आरोपीगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा पुलिस टीम गठित कर फरार आरोपी की तलाश की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी आज्ञाराम पुत्र गंगाराम कटारिया उम्र 44 वर्ष निवासी मिर्जापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



### घर-घर योग हर व्यक्ति निरोग थीम पर आरोग्य केन्द्रों पर कराया योगाभ्यास

**अशोकनगर।** आगामी 21 जून को होने वाले 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले आयोजन के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन हेतु घर-घर योग हर व्यक्ति निरोग थीम को लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 11 मई से 25 मई तक होने वाले 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय योग शिक्षकों द्वारा योग कराया जा रहा है। जिसका प्रसारण जिले के 11आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में प्रतिदिन सुबह 8 से 9 बजे तक किया जा रहा है। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण के साथ केंद्रों पर पदस्थ योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित जन मानस को योग कराया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेंद्र रघुवंशी के द्वारा जिले के नागरिकों से अपील की है कि वह समीपस्थ आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों (आयुष) पर में पहुंचकर इस प्रशिक्षण का लाभ ले।

# कलेक्टर ने एक-एक कर सुनीं लोगों की समस्याएं

**जनसुनवाई में आए 196 आवेदन**

**कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कलेक्टर ने एक-एक कर आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रमुख रूप से पंचायत, राजस्व, सड़क, पेंशन, बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आवेदकों ने संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में ग्राम थिगली निवासी निहाल यादव द्वारा अतिथि शिक्षक की जानकारी दिलाये जाने, ग्राम भातपुरा निवासी कैलाश गुर्जर द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने, ग्राम मुंगावली निवासी जानकी प्रसाद प्रजापति द्वारा सीमांकन कराये जाने, ईसागढ़ निवासी ऋषभ यादव द्वारा आधार कार्ड अपडेट कराये जाने, वार्ड क्रमांक 5 मुंगावली निवासी सुखदेव सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास एवं बीपीएल कार्ड बनवाए जाने, ग्राम बामोरी निवासी भागीरथ लोधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने, ग्राम महाना निवासी हिरिया बाई द्वारा सीमांकन कराये जाने आदि आवेदन आए।

# तलवार के साथ एक गिरफ्तार

**वारदात की नीयत से घूम रहा था आरोपी**

**सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर किया गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बहादुरपुर पुलिस ने एक व्यक्ति का धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है, बताया जा रहा है पुलिस गिरफ्त में आया किसी बारदात को अंजाम देने के लिए धारदार हथियार लेकर घूम रहा था, जिसे पुलिस ने समय रहते गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल बहादुरपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरखेड़ा भोगी स्थित शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार तलवार लेकर घूम रहा है तथा किसी बारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर थाना बहादुरपुर द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई एवं आरोपी गोविन्द पिता रतनसिंह दांगी, उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बरखेड़ा भोगी को एक धारदार तलवार सहित पकड़ा गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना बहादुरपुर में अपराध क्रमांक 151/2026 धारा 25(बी) आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलमसिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक रामनरेश बरूआ, देवसिंह भिलाला, आरक्षक सोनू गुर्जर एवं चालक शैलेन्द्र सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही।

# पटवारी और वकील का विवाद गहराया

**पटवारियों ने एकत्रित होकर की कार्यवाहीं की मांग**

**एक दिन पहले अधिवक्ताओं ने दिया था आवेदन**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पटवारी और अधिवक्ता का विवाद गहराता जा रहा है, जहां एक दिन पहले गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने ज्ञापन दिया, तो वहीं दूसरे दिन पटवारियों ने एकत्रित होकर एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि जिला मुख्यालय तहसील परिसर में संचालित राजपुर स्थित नायब तहसीलदार न्यायालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अधिवक्ता ने शासकीय कार्य कर रहे पटवारी के साथ सरेआम अभद्रता और गाली-गलौज कर दी। पटवारी संघ ने इस घटना पर कड़ा ऐतराज जताते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर दोषी अधिवक्ता के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

**भरे न्यायालय में हुआ विवादः**

शिकायत के अनुसार, 7 मई की शाम करीब 6 बजे पटवारी मयंक मिश्रा नायब तहसीलदार न्यायालय राजपुर में शासकीय कार्य निपटा रहे थे। तभी अधिवक्ता लालाराम कौशिक वहां पहुंचे और फाइल के विषय को लेकर बाबू शिवम शर्मा पर चिल्लाने लगे। जब विवाद बढ़ा और नायब तहसीलदार ने समझाने की कोशिश की, तो अधिवक्ता ने मर्यादित भाषा की सारी सीमाएं लांघ दीं। इस घटना से पटवारी एवं संघ असुरक्षा का महौल बन गया है, जिससे काम प्रभावित है।

# राज्य अभिभाषक परिषद के चुनाव आयोजित

**चंदेरी।** राज्य अभिभाषक परिषद के मंगलवार को 12 मई को चुनाव संपन्न हुए, जिसमें मप्र के सभी अभिभाषक ने मतदान कर स्टेट बार काउंसिल के 23 सदस्यों को अपना प्रतिनिधि चुना। जिसके लिए समूचे मध्यप्रदेश में स्टेट बार काउंसिल जबलपुर द्वारा राजधानी से तहसील स्तर तक मतदान की व्यवस्था की गई थी। विभिन्न न्यायालयों में मतदान के लिए विद्वान न्यायधीशों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। राज्य अभिभाषक संघ के चुनाव की व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा था। वहीं अपर जिला सत्र न्यायालय चंदेरी में मतदान के लिए न्यायधीश अपर जिला सत्र वीरेन्द्र वर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। चंदेरी अभिभाषक संघ में 64 अभिभाषक रजिस्टर्ड है ।

चंदेरी में सुबह से ही चंदेरी का माहौल चुनावमय बन चुका था इसका मुख्य कारण यहां के स्थानीय प्रत्याशी अभिभाषक डॉ विजय चौधरी चंदेरी से पले बड़े हुए जिसने मप्र में अपनी अलग पहचान बनाई है, राजधानी भोपाल के साथ ही राज्य अभिभाषक परिषद में अपनी अलग पहचान बनाने वाले डॉ. विजय चौधरी को लेकर उत्सुकता थी। सभी अभिभाषक ने मतदान करने में उत्सुकता से भाग लिया। अभिभाषक डॉ विजय चौधरी के परिवार के सदस्य गण और उनके चाहने वाले अंतिम समय तक मतदान स्थल पर मौजूद थे। यहां प्राय: देखने में आया कि अभिभाषक डॉ. विजय चौधरी के सिंगल नाम पर टिक लगाएं उन्हें सिर्फ विजय चौधरी से मतलब था जबकि प्राथमिकता के आधार पर 106 प्रत्याशी में से 23 प्रत्याशियों पर प्राथमिकता देते हुए 1.2.3 क्रम में टिक करना थे। इसलिए यहां अनुमान लगाया जा रहा कि स्थानीय प्रत्याशी अभिभाषक डॉ.विजय चौधरी को चंदेरी के साथ साथ जिला अशोकनगर जिला शिवपुरी जिला गुना से भी बढ़त हासिल करने की संभावना है। चंदेरी में चार अभिभाषक बाहर होने के कारण मतदान में हिस्सा नहीं ले सके 60 अभिभाषक ने मतदान में हिस्सा लिया।



**धर्म-कर्म**

## जबलपुर से 20 बस और 20 गाड़ियों से दो हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे मुनिश्री को श्रीफल भेंट करने

# आप लोगों का पुण्य हो सकता है मेरा रथ मोड़ दे : सुधासागर

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** आप लोगो का पुण्य हो सकता है मेरा रथ मोड दे, में आचार्यश्री विद्यासागर का शिष्य हु में वचन नहीं देता मगर प्रवचन देता है आज संस्कारधानी जबलपुर के प्रत्येक घर से श्रावक यहां आया है ऐसा लग रहा है कि आप लोग शायद सूरज की दिशा बदलने आए है, में कुछ तो नहीं सकता हु मगर आपकी श्रद्धा और भक्ति के साथ आपका पुण्य देखकर लगता है कि मेरी दिशा बदल जाए उक्त उद्गार नगर में विराजमान मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने जबलपुर से आए श्रावकों को संबोधित करते हुए कहे। वहीं आगे कहा कि एक लम्बा समय हो गया है जब मेरा चातुर्मास संस्कारधानी जबलपुर में हुआ था, पिछले 15 सालों में आप लोगो की भक्ति कम नहीं हुई है बल्कि कई गुना बढ़ी है यह सब आप पुण्य को तीव्र कर रहा है और ऐसी भक्ति से ही गुरु कृपा बरसती है आज न केवल मुझे यहां जबलपुर के बूढ़े लोग दिखाई दे रहे है बल्कि छोटे-छोटे बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ यहां आए हुए है मेरा जबलपुर से बहुत पुराना नाता रहा है मगर अब देखो आगे क्या होता है।



**2 हजार से अधिक आए श्रद्धालुः**

मंगलवार दिन नगर के एतिहासिक रहा और उसकी बजह से थी जबलपुर से आए हुए श्रद्धालु जहां भक्ति और आस्था का अपना अलग ही अंदाज देखने को मिला, जब सुबह से ही एक बड़े काफिले के साथ जबलपुर के श्रद्धालुओं का नगर में पहुंचना शुरू हुआ एक भी एक श्रावक नहीं था। जिसके हाथ में मुनिश्री को भेट करने के लिए श्रीफल ना हो जबलपुर से अमित शास्त्री ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज और हर मंदिर कमेटी एवं जैन युवा के तत्वाधान में सभी लोग मुनिश्री को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट करने आए थे और सभी श्रद्धालुओं स्वयं का श्रीफल लेकर आए थे और जो लोग कारणवश नहीं आ पाए उन्होंने अपना श्रीफल अन्य श्रद्धालुओं को भेट करने भेजा था, मुनिश्री का मंगल चातुर्मास 2011 में हुआ था तब से लेकर अभी तक 15 साल हो गए है मुनिश्री का चातुर्मास नहीं हुआ है और इस बार सभी जबलपुर वालों की भावना है कि इस बार जगत पूज्य का मंगल आशीर्वाद संस्कारधानी जबलपुर को मिले।

**जिज्ञासा समाधान में बैठने लोगों के लिए जगह पड़ी कमः**

जिज्ञासा समाधान में पहली बार ऐसा हुआ है कि भक्तों का सैलाब उमड़ आया हो और कार्यक्रम स्थल पर लोगो को बैठने के लिए जगह कम पड़ गई मगर लोगों भक्ति इसके ऊपर देखने को मिली और लोग खड़े रहे जहां जिसको जगह मिली वह मुनिश्री के दर्शन के लिए लालायित नजर आया, ऐसा नगर में ऐसा पहली बार देखने को मिला कि किसी साधु के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हो और मुनिश्री ने भी किस भी भक्त को नाराज नहीं होने दिया ओर सभी को मंगल आशीर्वाद दिया।

### मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु कार्यक्रम जारी

**अशोकनगर।** निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2026 की स्थिति में नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतो की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 15 मई 2026 से 25 मई 2026 तक निर्धारित केन्द्रों पर दावे आपत्ति प्राप्त की जाएगी।

अपर कलेक्टमर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएन सिंह जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरीय निकाय तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों दावे आपत्ति प्रस्तुत करने के लिये संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में व्यापक प्रचार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत निर्धारित की गई तिथियों की जानकारी दावे, आपित्तयां प्रस्तुत करने के लिये निर्धारित किये गए केन्द्रों की जानकारी, मतदाता सूची में नाम जोडने, संशोधन करने


**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **श्री राम भरोसा सोनी**, पिता श्री बाबूलाल सोनी, निवासी माटी मोहल्ला, तहसील एवं जिला अशोकनगर (मप्र) द्वारा टाइगर होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, शाखा अशोकनगर से ऋण लेना प्रस्तावित है। जिसकी संपत्ति का विवरण इस प्रकार है-

मकान क्रमांक 99, वार्ड क्रमांक 12, पटवारी हल्का क्रमांक 27, कुल क्षेत्रफल 17x16=272 वर्गफुट (अर्थात25.27वर्गमीटर), स्थित माटी मोहल्ला, तहसील एवं जिला अशोकनगर (मध्यप्रदेश)। उक्त संपत्ति प्रारंभ में श्री बबलू लाल सोनी के नाम वर्ष 2008-09 के संपत्ति कर अभिलेख में दर्ज थी, जिसमें श्री राम भरोसा सोनी का नाम भी उल्लेखित था। तत्पश्चात दिनांक 07/01/2020 को नोटरीकृत शपथपत्र के माध्यम से उक्त संपत्ति श्री राम भरोसा सोनी के पक्ष में हस्तांतरण घोषित किया गया। श्री बाबूलाल सोनी के निधन उपरांत, श्री राम भरोसा सोनी द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन (रसीद क्र. 005, दिनांक 23/05/2025) प्रस्तुत किया गया तथा नामांतरण प्रमाणपत्र क्र. 2020/103, दिनांक19/08/2025 द्वारा संपत्ति उनके नाम दर्ज हो गई। वर्तमान में, श्री राम भरोसा सोनी अपनी पत्नी **श्रीमती उषा सोनी** के पक्ष में उक्त संपत्ति में सह-स्वामित्व हेतु पंजीकृत दस्तावेज निष्पादित करना चाहते हैं। अत: यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का दावा, अधिकार, आपत्ति, बंधक, उत्तराधिकार या अन्य कोई हित/हिताधिकार हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में प्रमाण सहित अधोहस्ताक्षरी/कार्यालय **टाइगर होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, शाखा अशोकनगर** के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा ऋण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी तथा उसके उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति अमान्य एवं शून्य मानी जाएगी, जो मेरे पक्षकार पर बाध्यकारी नहीं होगी।

**अधिवक्ताः हर्षित गुप्ता**

**कार्यालय : 3/217, दुर्गा कॉलोनी, गुना (मप्र)**